फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (SDO) भीण्डर, उदयपुर

प्रार्थी : श्री प्रधानाचार्य (रा.उ.मा.वि.) बनाम विपक्षी : राज्य सरकार जरिये तहसीलदार भीण्डर

किस्म मुकदमा – 136 भू.राजस्व अधिनियम पत्रावली संख्या : 78/25

क्रमांक	कार्यवाही विवरण

दिनांक : 03.07.2025

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र खाता दुरस्ती व तहसीलदार भीण्डर द्वारा रिपोर्ट पेश करने पर पत्रावली दर्ज रजिस्टर की गई। प्रकरण में प्रार्थी द्वारा निवेदन किया कि ग्राम निमडी पटवार हल्का चारगदिया की जमाबंदी संवत् 2078–2081 के खाता संख्या 541, 542, 543 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय निमडी के नाम पर खसरा न. 2099/2031, 2157/1833, 1781 किता 9 रकबा 2.7200 है. भूमि दर्ज है। उक्त विघालय क्रमोन्नत होने से/समायोजित होने से/नाम परिवर्तन होने से वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमडी के नाम से संचालित है। उक्त विद्यालय के नाम पर दर्ज भूमि को राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बजाय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमडी के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेज का अध्ययन किया। प्रार्थी के कथनानुसार ग्राम निमडी पटवार हल्का चारगदिया की जमाबंदी संवत् 2078–2081 के खाता संख्या 541, 542, 543 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय निमडी के नाम पर खसरा न. 2099/2031, 2157/1833, 1781 किता 9 रकबा 2.7200 है. भूमि दर्ज है। उक्त विघालय क्रमोन्नत होने से/ समायोजित होने से/नाम परिवर्तन होने से वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमडी के नाम से संचालित है। उक्त विद्यालय के नाम पर दर्ज भूमि को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के बजाय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमडी के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया।

प्रकरण में पटवारी हल्का, भू–अभिलेख निरीक्षक व तहसीलदार भीण्डर द्वारा रिपोर्ट पेश की जिसमें बताया कि ग्राम निमडी पटवार हल्का चारगदिया की जमाबंदी संवत् 2078–2081 के खाता संख्या 541, 542, 543 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय निमडी के नाम पर खसरा न. 2099/2031, 2157/1853, 1721 किता 9 रकबा 2.7200 है. भूमि दर्ज है। उक्त विघालय क्रमोन्नत होने से/ समायोजित होने से/नाम परिवर्तन होने से वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमडी के नाम से संचालित है। तहसीलदार भीण्डर द्वारा राजस्व ग्राम निमडी के खाता संख्या 541, 542, 543 में दर्ज प्रविष्टि **राजकीय प्राथमिक विद्यालय निमडी** को क्रमोन्नत होने से **राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमडी** दर्ज किये जाने की अनुशंषा की।

अतः पटवारी हल्का, भू–अभिलेख निरीक्षक की. रिपोर्ट व तहसीलदार भीण्डर की रिपोर्ट व अनुशंषा के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता है।

–: : आदेश : :–

परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खाता दुरूस्ती का स्वीकार किया जाता है कि ग्राम निमडी पटवार हल्का चारगदिया तहसील भीण्डर की जमाबंदी सम्वत् 2078 से 81 की खाता संख्या नया 541, 542, 543 में दर्ज प्रविष्टि **राजकीय प्राथमिक विद्यालय निमडी** को संशोधित कर **राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमडी** दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। पालना हेतु तहसीलदार भीण्डर को लिखा जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो ।

निर्णय खुले ईजलास सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Chandra Bahediya
Date: 2025.07.29 16:19:37 IST
Reason: SelfAttested